C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 7:15 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:15 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 14 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 26 जून 2024

शर्मिला ने की बहू करीना की...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### पर्वतीय उत्थान मंच के संरक्षक की शिकायत पर छह जुलाई को होगी सुनवाई

**हल्द्वानी।** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के संरक्षक एडवोकेट हुकुम सिंह कुंवर की शिकायत पर कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने नगर मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई को जांच के आदेश दिए थे। इस क्रम में नगर मजिस्ट्रेट वाजपेई ने पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के अध्यक्ष व सचिव को पत्र जारी कर 6 जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे अपने कार्यालय में तलब किया है। इधर सिटी मजिस्ट्रेट वाजपेई ने बताया कि मंच से जुड़े एक मामले की जांच वह करेंगे, इसके लिए दोनों पक्षों को छह जुलाई को बुलाया गया है। गौरतलब है कि पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के संरक्षक हुकुम सिंह लंबे समय से मंच में आम चुनाव कराने व पारदर्शिता के लिए आवाज उठा रहे हैं। इधर कुंवर ने कहा कि मंच में काबिज एक गिरोह उन्हें बेइज्जत करने पर तुला है। इस मामले में कुंवर ने मुख्यमंत्री, आयुक्त कुमाऊं, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी, उपनिबंधक को प्रार्थना पत्र देकर पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच की जांच के साथ ही आम चुनाव कराने की मांग की है।

### रोडवेज कर्मचारियों का धरना 28 को



**हल्द्वानी।** रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ट्रैफिक शाखा हल्द्वानी के तत्वावधान में 28 जून को रोडवेज कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग को धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। यह जानकारी परिषद के शाखा मंत्री अमित कुमार जंगवाल ने दी।

## चार जिलों से होगी चलती-फिरती साइंस लैब की शुरुआत

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

लैब्स ऑन व्हील्स नाम से प्रोजेक्ट आगे चलकर सभी जिलों में संचालित होगा। पहले चरण में चंपावत, अल्मोड़ा, देहरादून और पौड़ी गढ़वाल में संचालन किया जाएगा। लैब्स ऑन व्हील्स, यानी चलती-फिरती साइंस लैब की शुरुआत पहले चरण में चंपावत, अल्मोड़ा, देहरादून और पौड़ी से होगी, जिसे छह माह बाद सभी जिलों में संचालित करने की योजना है। उत्तराखंड सरकार और यूकॉस्ट परिषद की इस महत्वाकांक्षी परियोजना का मकसद उत्तराखंड के दूरदराज के ग्रामीण और पर्वतीय इलाकों में कक्षा



छह से 10वीं तक के विद्यार्थियों को विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और गणित विषयों में क्रियात्मक ज्ञान की वृद्धि के लिए मोबाइल साइंस लैब उपलब्ध कराना है। शासन ने मोबाइल साइंस लैब के लिए पांच करोड़ रुपये की धनराशि जारी की है। प्रथम चरण में चार जिलों में छह महीने तक कार्यक्रम का सफल संचालन किए जाने की योजना है। इसके बाद इस प्रोजेक्ट को सभी जनपदों में संचालित किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने लैब्स ऑन व्हील्स नाम से चल रहे इस प्रोजेक्ट की नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मंगलवार को एक बैठक में मोबाइल साइंस लैब प्रोजेक्ट की समीक्षा की।

इस दौरान प्रथम चरण में चंपावत, अल्मोड़ा, देहरादून एवं पौड़ी में इस प्रोजेक्ट को संचालित करने के निर्देश दिए। प्रोजेक्ट के तहत बालिकाओं को विशेष रूप से विज्ञान की शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अपर सचिव रंजना राजगुरु, महानिदेशक बंशीधर तिवारी, यूकॉस्ट महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत व अगस्तया फाउंडेशन के संस्थापक उपस्थित रहे।

पीएम मोदी और राहुल गांधी आसन तक लेकर गए

## दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष के पद पर विराजे ओम बिरला

**नई दिल्ली**
एजेंसी

18वीं लोकसभा का आगाज स्पीकर के चुनाव के साथ ही डिप्टी स्पीकर पद पर विपक्ष की दावेदारी को लेकर सत्ता पक्ष से टकराव से हो रहा है। नए सदन के पहले दो दिन इन पदों के लिए जोड़-तोड़, चर्चाओं और आरोप-प्रत्यारोप के बीच नए सांसदों की शपथ के नाम रहे।

पीएम मोदी ने संबोधन में कहा कि ये सदन का सौभाग्य है कि ओम बिरला दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष के पद पर विराजमान हुए हैं। आपको और इस पूरे सदन को मेरी तरफ से बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इस पूरे सदन की तरफ से भी आपको अनेक-अनेक शुभकामनाएं। अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में दूसरी बार इस पद पर विराजमान होने से आपको बहुत बड़ा दायित्व मिल रहा है। आपके अनुभव और हमारे अनुभव से हमें विश्वास है कि आप हम सभी का मार्गदर्शन करेंगे।



मुझे विश्वास है कि आप हर कदम पर नए कीर्तिमान गढ़ते रहेंगे। 18वीं लोकसभा में स्पीकर का कार्यभार दूसरी बार संभालना अपने आप में रिकॉर्ड है। बलराम जाखड़ जी पहले ऐसे अध्यक्ष थे, जो लगातार दो बार अपना कार्यकाल पूरा कर पाए थे। उनके बाद अब आपको यह उपलब्धि मिली है। ज्यादातर स्पीकर या तो चुनाव नहीं लड़े हैं या जीतकर नहीं आए हैं। आप समझ सकते हैं कि स्पीकर का काम कितना मुश्किल है कि उनका जीतना मुश्किल हो जाता है। आपने दोबारा जीतकर नया इतिहास गढ़ा है। इस सदन के ज्यादातर सासंद आपसे परिचित हैं और पिछली बार मैंने आपके संबंध में काफी कुछ बातें रखीं थी। आज उन्हें दोहराऊंगा नहीं लेकिन आप जिस तरह से सांसद के रूप में काम करते हैं, वह जानने योग्य और सीखने योग्य हैं। युवा सांसद भी आपसे प्रेरणा लेंगे। भाजपा सांसद ओम बिरला को लोकसभा का नया स्पीकर चुन लिया गया है। ओम बिरला को ध्वनिमत से स्पीकर चुना गया। पीएम मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी नए स्पीकर ओम बिरला को परंपरा के अनुसार, आसन तक लेकर गए।

## रूस में भारतीय महिला टीम ने बॉक्सिंग में 10 मैडल जीतकर किया नाम रोशन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नैनीताल निवासी व भारत की ओर से बॉक्सिंग कोच के प्रशिक्षण में अभिषेक साह भारतीय महिला टीम ने रूस में 10 मैडल जीतकर धमाल मचा दिया है। दो गोल्ड, 3 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मैडल जीतकर देश को कुल 10 मैडल जीत कर भारत देश का नाम रोशन किया है।

बता दें अभिषेक साह जन्म नैनीताल में ही हुआ है और वहीं पर उन्होंने शिक्षा अर्जित करने के बाद बॉक्सिंग के क्षेत्र में अपना करियर बनाया और आज वह एक कोच के रूप में भारत का नेतृत्व कर रहे हैं उनके पिता दीप लाल साह जिला न्यायालय से

**खुशी**

- नगर में खुशी की लहर, लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी

सेवानिवृत्त हुए जबकि माँ पुष्पा एक गृहणी हैं। बॉक्सिंग की लगन लिए अभिषेक ने देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज से अपने बॉक्सिंग करियर की शुरुवात की। उन्होंने भारतीय बॉक्सिंग टीम का हिस्सा बनकर अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया और फिर पुलिस के बाद स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साईं) से जुड़ गए। शहर में खुशी की लहर है और लोग उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं और उनकी भूरी भूरी प्रशंसा कर रहे हैं।



## सिडकुल की एक कंपनी में काम करने के दौरान श्रमिक गंभीर

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

सिडकुल की एक कंपनी में काम करने के दौरान एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने अंग-भंग होने की सूचना सिडकुल पुलिस को दी। जानकारी के मुताबिक थाना बहेड़ी बरेली यूपी निवासी दीपेश गंगवार पुत्र कृष्ण पाल ने सिडकुल पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह सिंडीकेट ऑटो कंपोनेंट, प्लॉट नंबर- 37, सेक्टर नम्बर- 11 सिडकुल,के प्रेस शॉप विभाग काम करता है और 22 जून 24 को कंपनी में काम कर रहा। पीड़ित के मुताबिक 250 टन वजनी भारी प्रेस मशीन पर कार्यरत था। उसे कुछ महीने ही हुआ था काम करते। उसे मशीन का कोई अनुभव नहीं था। पीड़ित का आरोप है कि उसे प्रेस शॉप विभाग के सुपरवाईजर ने जबरदस्ती दबाव देकर उक्त प्रेस मशीन पर कार्य पर लगा दिया। उसने मशीन पर न लगाने की गुहार लगाई थी, लेकिन उसे नौकरी से निकालने की धमकी दी गई और मशीन पर कार्य करते हुए उसके दाहिने हाथ की चार अंगुलियाँ कट कर क्षतिग्रस्त हो गयी। वह अपंग हो गया। बताया कि कारखाना प्रबंधन द्वारा कारखाने में कारखाना अधिनियम, सुरक्षा अधिनियम, न्यूनतम वेतन अधिनियम, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम का उल्लंघन हो रहा है। वहां कारखाने में कार्यरत श्रमिकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उसने पुलिस से सुपरवाइजर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इधर कंपनी प्रबंधक से इस मामले में जानकारी चाही तो संपर्क नहीं हो सका । तहरीर नहीं मिली है। सिडकुल पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि इस मामले की तहरीर नहीं मिली है ? तहरीर मिलने पर जांच की जायेगी।

## एसटीएफ की चंगुल में फंसा करोड़ों की ठगी करने वाला सोसायटी निदेशक

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

जेकेवी मल्टी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी में निवेश के नाम पर लोगों से करोड़ों की ठगी करने वाले सोसायटी के डायरेक्टर को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी दो साल से फरार चल रहा था उस पर 25 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था।




एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल के मुताबिक स्पेशल टास्क फोर्स उत्तराखंड द्वारा ईनामी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत सीओ एसटीएफ आरबी चमोला, प्रभारी निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने थाना हल्द्वानी में पंजीकृत एफआईआर में वांछित 25 हजार रुपए के ईनामी आशुतोष चतुर्वेदी पुत्र जयप्रकाश चौबे निवासी वार्ड 4 केशवपुरम थाना आईटीआई, काशीपुर को रोडवेज बस स्टैंड रुद्रपुर से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये शातिर अन्तर्राज्यीय ठग पर उत्तराखंड और यूपी में धोखाधड़ी व ठगी के 3 मुकदमें दर्ज हैं। यह एक तरह का आर्गेनाइज क्राइम था जिसमें इसके द्वारा अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर, एक जेकेवी मल्टी स्टेट क्रेडिट कोऑपरेटिव नामक सोसाइटी बनाकर उत्तराखंड,उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान व बिहार में अपनी ब्रांच खोलकर लोगों से भिन्न-भिन्न स्कीमों में ज्यादा ब्याज का लालच देकर करोड़ों रुपए की धनराशि निवेश करवाकर गबन किया गया था। समिति की खटीमा तथा हल्द्वानी में भी ब्रांच थी जिसमें खटीमा में लोगों का करीब एक करोड़ 25 लाख तथा हल्द्वानी में करीब 90 लाख रुपए का गबन किया गया था। उन्होंने बताया कि आरोपी आशुतोष चतुर्वेदी सोसाइटी में डायरेक्टर के पद पर था और विभिन्न अभियोगों में वांछित था। सोसायटी के निदेशक, अधिकारी, कर्मी अशिक्षित, गरीब, बेरोजगारों को कम समय में

**बैठक**

- जेकेवी मल्टी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसायटी में निवेश के नाम पर लोगों से ठगी करने का आरोपी पर 25 हजार का ईनाम भी

रकम दोगुनी करने का झांसा देते थे। इस बाबत उनका सोसायटी में खाता खुलवाया जाता और रकम जमा कराई जाती। बाद में बैंक खातों के जरिये जमा रकम को सोसायटी के खाते में ट्रांसफर कर दिया जाता था। बताया कि वहां से रकम का गबन हो जाती थी। अभी तक की जांच- पड़ताल से 2 करोड़ से ज्यादा का गबन सामने आया है। अन्य राज्यों की शाखाओं का गबन मिलाकर घोटाला कई करोड़ों तक पहुँच सकता है। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में एसआई बृजभूषण गुररानी, हेड कांस्टेबल जगपाल सिंह, गोविन्द बिष्ट, संजय कुमार, सुरेन्द्र कनवाल आदि भी शामिल थे।

# लापता किशोरियां मुजफ्फर नगर से बरामद, बालक समेत पांच गिरफ्तार

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

जवाहर नगर क्षेत्र से लापता दो नाबालिग बच्चियों को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। उन्हें अगुवा करने के आरोप में महिला समेत पांच लोगों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें एक नाबालिग किशोर भी शामिल है।

किशोर वनभूलपुरा क्षेत्र का रहने वाला है। मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि बीती 21 जून को वार्ड 14 जवाहर नगर में रहने वाली राधा गोस्वामी पत्नी रविन्द्र नाथ गोस्वामी ने वनभूलपुरा थाने में तहरीर दी थी कि उसकी 15 साल की पुत्री और किराएदार की 12 साल की पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई हैं। उनकी ढूंढ खोज भी की गई लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने तहरीर मिलने पर किशोरियों की गुमशुदगी दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। वही मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए किशोरियों की बदामदगी के लिए चार टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने लापता किशोरियों के रिश्तेदारों के साथ ही अन्य माध्यमों से उनकी तलाश शुरू कर दी।



पुलिस ने गुमशुदाओ के घरों के आस पास, रोडवेज, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों के सीसीटीवी चैक किए। सीसीटीवी फुटेज में दोनो लापत किशोरियां रोडवेज बस स्टेशन से एक युवक के साथ ई रिक्शा में सवार होकर मंगलपड़ाव की ओर जाती हुई दिखाई दी। पुलिस ने ई रिक्शे में सवार बालक के बारे में जानकीर हासिल की तो उसकी पहचान 16 वर्षीय बालक निवासी जवाहर नगर वनभूलपुरा के रूप में हुई। पुलिस टीम ने बालक के रिश्तेदारो, दोस्तो, पहचान वालो आदि से गहन पूछताछ की। साथ ही गुमशुदा बालिकाओं और बालक के मोबाइल को सर्विलांस पर लगाकर उनकी लोकेशन आदि के बारे में जानकीर प्राप्त की। उनकी लोकेशन बदायूं के सहसवान में मिली तो एक टीम को बदायूं के लिए रवाना कर दिया गया। इसके दूसरी पुलिस टीमों को काशीपुर, मुरादाबाद, दिल्ली भेजकर गुमशुदाओ की तलाश की गयी और उन क्षेत्रो गुमशुदाओ व संदिग्ध बालक के रिशतेदार, पहचान वाले, दोस्तों के घर जाकर तलाश तथा पूछताछ की गयी। इस दौरान पुलिस को जानकीर मिली कि बालक ने दोनों नाबालिग बालिकाओं को अपनी बहन निशा उर्फ नूरीन पत्नी उजैर उर्फ आसिफ निवासी मृदाटोला थाना सहसवान जिला बदायूं के घर पर छिपा दिया। एससपी ने बताया कि निशा ऊर्फ नूरीन को भी पता थ कि दोनों बालिकाओं को अपहृत कर यहां लाया गया है लेकिन उसने दोनों को अपने घर पर छिपाकर रखा। इसके बाद नूरीन उर्फ निशा व उसके पति उजैर उर्फ आसिफ और मामा मो. अब्दुल शमी उर्फ भोला ने दोनों को अन्यत्र भेज दिया। एसएसपी ने बताया कि गुमशुदा बालिकाओं की तलाश में पुलिस ने करीब 250 सीसीटीवी कैमरा फुअेज खंगले डाले। एक फुटेज में संदिग्ध बालक व गुमशुदा बालिकाएं बरेली से दिल्ली जाने वाली ट्रेन में बैठते हुए दिखाई दिए। जिसके बाद पुलिस टीम और ज्यादा सक्रिय होगी गई। वहीं वनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भकुनी और एसओजी की टीम को लापता बालिकाओं के मुजफ्फरनगर में होने की जानकारी मिली। जिस पर पुलिस टीम ने वहां पर धावा बोल कर नाबालिग बालिकाओं और बालक को रेलवे स्टेशन मंसूरपुर मुजफ्फरनगर से बरामद कर लिया। पुलिस पूछताछ में पता चला कि वनभूलपुरा में रहने वाले आमिल नामक युव ने ही दोनों का अपहरण कराया था और इसके लिए नाबालिग बालक को मोहरा बनाया था। इसके लिए उसे दो हजार रूपए भी दिए थे। आमिल ने ही दो दिन तक उन्हें अपने घर में छिपाकर रखा था जिसके बाद उन्हें बदायूं भेज दिया। पकड़े गए आरोपियों में आमिल पुत्र अमीर हसन निवासी ग्राम बिहारी थाना सिखेडा जिला मुजफ्फरनगर, निशा उर्फ नूरीन पनि उजैर उर्फ आसिफ निवासी मृदाटोला थाना सहसवान जिला बदायूं, उजैर उर्फ आसिफ पुत्र हफीज अहमद निवासी मृदाटोला थाना सहसवान जिला बदायूं, अब्दुल समी उर्फ भोला पुत्र अब्दुल रशीद निवासी लाइन नंबर 17 थाना बनभूलपुरा और नाबालिग बालक शामिल है।

### एसएसपी के जवाजो पर ईनामों की बौछार,

लापता बच्चियों को बरामद करने वाली पुलिस टीम पर ईनामों की बौछार हुई है। डीजीपी ने खुलासा करने वाली पुलिस टीम को 20 हजार, डीआईजी कुमाऊ जोन ने 5 हजार और एसएसपी ने ढाई हजार रूपए पारितोषिक देने की घोषणा की है।

### टीम में ये रहे शामिल

मेहनत करने वाली पुलिस टीम थानाध्यक्ष वनभूलपुरा नीरज भाकुनी, एसओजी प्रभारी संजीत राठौर, मंगलपड़ाव चौकी प्रभारी दिनेश जोशी, हे. कां. इशरार नवी, ललित श्रीवास्तव, कां. राजेश बिष्ट, भीमताल थानाध्यक्ष जगदीप नेगी, कां. गौरव जौशी, अरुण राठौर, नवीन राणा, एसआई फिरोज आलम, मनोज कुमार, कां. संतोष बिष्ट, कारज सिंह, एसआई विरेन्द्र चन्द्र, अनिल कुमार, कां. महबूब आलम, मुनेन्द्र, शिवम शामिल रहे।



## समस्याओं के जल्द समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

शहरी विकास मंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल के नैनीताल प्रवास के दौरान उन्हें नगर के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याओं के जल्द समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा ।

बता दें नगरपालिका परिषद नैनीताल के कर्मचारियों के वेतन एवं अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर यथोचित कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में नगर पालिका के दोनों कर्मचारी संगठनों की ओर से ज्ञापन सौपा गया। इसके साथ ही आजाद मंच की ओर से नैनीताल शहर को बचाने के लिए दस सूत्रीय मांग पत्र सौपा गया। इसके साथ ही कुमाऊं विवि शिक्षक संघ कूटा की ओर से गुरूजनों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौपा गया जबकि भाजपा मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में तमाम भाजपाईयों ने मंत्री को नैनीताल शहर की समस्याओं को गिनाते हुए उनके समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा।

## नैनीताल में आज बाल नाट्य कार्यशाला एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में नाट्य विधा से युवा पीढ़ी को जोड़ते हुए बच्चों के व्यक्तित्व विकास हेतु पिछले तीन दशकों से चली आ रही परम्परा के क्रम में युगमंच एवं शारदा संघ के संयुक्त तत्वावधान में एक माह की बाल नाट्य कार्यशाला 26 जून (आज) से शारदा संघ में सायं साढ़े 6 बजे से प्रारंभ होने जा रही है।

बाल नाट्य कार्यशाला एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम के निर्देशक के रूप में शहर के बहु आयामी व्यक्तित्व के धनी वरिष्ठ कलाकार भास्कर बिष्ट के नेतृत्व में एक माह तक चलने वाली इस कार्यशाला में बच्चों को रंगकर्म की बारीकियों से रूबरू करते हुए प्रतिदिन शारीरिक एवं बौद्धिक क्रियाकलापों के रूप में व्यायामए स्पीच थेरेपी तथा बुद्धिवर्धक इंडोर खेल आदि का आयोजन किया जाएगा। संगीत नाटक अकादमी अकादमी पुरुस्कार से सम्मानित युगमंच के अध्यक्ष जहूर आलम ने समस्त नागरिकों अभिभावकों से अपील करते हुए इस बालोपयोगी कार्यशाला में अधिक से अधिक बच्चों के प्रतिभाग कराने का आह्वान किया है। कार्यशाला के दौरान बच्चों की प्रस्तुति हेतु उत्तराखंड राज्य गीत के लेखक व जाने माने कवि हेमंत बिष्ट द्वारा नाट्य आलेख तैयार किया गया है।

एक माह तक चलने वाली कार्यशाला में शारदा संघ के अध्यक्ष प्रो. देवेन्द्र सिंह बिष्ट, महासचिव घनश्याम लाल साह, उपाध्यक्ष चंद्र लाल साह सहित युगमंच के संरक्षक डी के शर्मा, वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र लाल साह, उपाध्यक्ष नवीन बेगाना, कोषाध्यक्ष भास्कर बिष्ट, सचिव मनोज कुमार, उप सचिव डॉ. हिमांशु पांडे समेत कार्यकारिणी सदस्य रफ त आलम,इंतखाब सहित कनिका रावत, अदिति खुराना व अनिल कुमार आदि द्वारा हर संभव सहयोग दिया जा रहा है।

## NEWS / फटाफट

### सड़क निर्माण कार्य को लेकर ज्ञापन सौंपा

**नैनीताल।** महिला कांग्रेस की जिला सचिव निर्मला आर्य के नेतृत्व में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क निर्माण कार्य को लेकर लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता भवाली को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि भीमताल- गोरखपुर- विनायक मोटर मार्ग लोक निर्माण विभाग के अधीन है विभाग द्वारा कई वर्षों से मार्ग में काम नहीं किया जा रहा है बरसात शुरू हो गई है जिससे कई स्थानों पर मार्ग क्षतिग्रस्त है। गोरखपुर से विनायक तक कई परिवार निवास करते हैं। सडक़ पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त होने की वजह से कोई भी अनहोनी होने का खतरा बना हुआ है जिससे स्थानीय लोगों में अनहोनी का भय बना हुवा है। महिला कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा सडक़ के साथ-साथ नालिया एवं दीवारों का काम भी अति शीघ्र होना जरूरी है। ज्ञापन देने वालों में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट समेत निर्मला आर्य, आशा देबी व धनी दुमका तथा संगीता सहित कई लोगों उपस्थित थे।

### पीआरडी जवानों को जल्द मिलेगा मानदेय

**अल्मोड़ा।** मार्च महीने से बिना मानदेय के विभिन्न विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे प्रांतीय रक्षक दल के जवानों को जल्द मानदेय मिलेगा। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने वित्त सचिव को इसके निर्देश दिए हैं। प्रांतीय रक्षक दल में कार्यरत जवानों को मार्च महीने से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। युवा कल्याण विभाग को पीआरडी जवानों को मानदेय देने के लिए बजट नहीं मिल सका है। यहां तक कि बिनसर अभयारण्य में वनाग्नि की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल और एक मृतक को भी मानदेय नहीं मिल सका। इस मामले को संवाद न्यूज एजेंसी ने बीते 23 जून के अंक में वनाग्नि प्रभावित पीआरडी जवानों को दो महीने से नहीं मिला वेतन शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित किया था। मंगलवार को चंपावत में जिला योजना एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में शामिल होने पहुंचीं कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने वित्त सचिव को जल्द पीआरडी जवानों को मानदेय के भुगतान के लिए बजट जारी करने के निर्देश दिए हैं। विभिन्न विभागों में सेवाएं दे रहे पीआरडी के जवान पिछले दो महीने से मानदेय का भुगतान न होने के कारण आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे हैं।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## भाजपा मंडल ने नैनीताल के माल रोड स्थित रिक्शा स्टैंड पर लगाई फोटो प्रदर्शनी

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

भाजपा मंडल नैनीताल द्वारा 25 जून 1975 को भारतीय लोकतंत्र पर कांग्रेस सरकार द्वारा किया गया कुठाराघात जिसको काला दिन भी कहा जाता है की फोटो प्रदर्शनी मंगलवार को नगर के माल रोड स्थित रिक्शा स्टैंड पर लगाई गई।

इससे पूर्व प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि सूबे के वित्त एवं शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल समेत विशिष्ट अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट व नैनीताल विधानसभा की विधायक सरिता आर्या द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य अतिथि अग्रवाल द्वारा बताया गया कि इंदिरा गांधी की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार द्वारा 25 जून 1975 को देश में इमरजेंसी लगाई गई थी जिसे भारत का काला दिन कहा जाता है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी के चुनाव को इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा निरस्त कर दिया गया था और उनके किसी भी प्रकार के चुनाव लडने पर रोक लगा दी थी जिसके विरोध में इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल घोषित कर दिया था जिसमें देश के विपक्षी पार्टी के नेताओं व मीडिया कर्मी को भी जेल में डाल दिया गया था।

जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूरे जिले में आज के दिन को काले दिन के रुप में मनाकर प्रत्येक मंडल में विचार गोष्ठी, तथा फ ोटो प्रदर्शनी के रूप में कांग्रेस सरकार द्वारा लोकतंत्र पर किए गए जुल्म व अत्याचार को जनता को संघटन के माध्यम से बताने का कार्य किया जा रहा है। विधायक सरिता आर्या ने कहा कि आज के दिन उस समय की कांग्रेस सरकार द्वारा लोकतंत्र का गला घोटने का कार्य व भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को उनसे छीन लिया गया था। कार्यक्रम में छात्र संघ के पूर्व सचिव राहुल सिंह नेगी ने अपने दर्जन भर युवा साथियों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। फ ोटो प्रदर्शनी के कार्यक्रम संयोजक नितिन सिंह कार्की, सह संयोजक नीतू जोशी और गजाला कमाल रहे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट समेत जीवंती भट्ट,मीनू बुधलाकोटी,मीरा बिष्ट, तुषी साह,कनिका राणा, गीता साह, कविता त्रिपाठी, प्रो. ललित तिवारी, विक्रम सिंह रावत,भूपेंद्र सिंह बिष्ट,दया पोखरिया,मनोज जोशी,आशु उपाध्याय,संतोष कुमार,संतोष साह, भुबन बिष्ट,अतुल कुमार,मोहित लाल साह,मनोज कुमार,अरुण कुमार,हरीश तिवारी, शैलेन्द्र सिंह बिष्ट,सागर आर्या,विमल बिष्ट,रोहित भाटिया, संजय चंदेल,पंकज भट्ट,आनंद,रचित तिवारी तथा राजू बिष्ट आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मल्लीताल क्षेत्र में बैग में पिस्टल मिलने से हडकंप

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

नगर के मल्लीताल स्थित पंत पार्क क्षेत्र में मंगलवार को एक लावारिश बैग में पिस्टल मिलने से लोगों में हडकंप मच गया। इस दौरान ड्यूटी में तैनात होमगार्ड बैग को कोतवाली ले गया।



जानकारी के मुताबिक मल्लीताल स्थित पंत पार्क के समीप लगभग अपराह्न एक बजे किसी का बैग छूट गया, लावारिश बैग देखकर लोगों ने पूछताछ की लेकिन बैग किसका है पता नहीं चल पाया, जिसके बाद लोगों ने मौके पर मौजूद ड्यूटी कर रहे होमगार्ड को जानकारी दी। जानकारी के बाद होमगार्ड ने बैग की जांच की तो बैग में दो पिस्टल दिखाई दी। बैग में पिस्टल देख होमगार्ड भी सहम गया और बैग लेकर सीधे मल्लीताल कोतवाली पहुँच गया।

कोतवाली में जब होमगार्ड ने मौजूद पुलिस कर्मियों से बैग में पिस्टल होने की बात कही तो उन्होंने बैग खोलकर देखा। बैग खोलते ही पता चला कि होमगार्ड जिसे पिस्टल समझ रहा था वह एयरगन पिस्टल है। मामले में कोतवाली में तैनात एसएसआई पी.एस. मेहरा ने बताया कि बैग में दो एयर पिस्टल व एक बच्चे की बॉल मिली है। बैग किसका है यह अभी तक पता नहीं चल पाया है। पता चलते ही बैग उसके स्वामी को सौंप दिया जाएगा।

# अभिमत

## संरक्षक का सुझाव

***प्रधानमंत्री मोदी आरएसएस के स्वयं सेवक थे। भाजपा कार्यकर्ता बने। चुनाव जीतकर सांसद बने। प्रधानमंत्री बनने पर आरएसएस प्रमुख और अन्य सभी देशवासियों तथा विपक्षी राजनीतिक दलों के भी प्रधानमंत्री हैं। अब मोदी सिर्फ स्वयं सेवक अथवा भाजपा कार्यकर्ता नहीं हैं। देश के 140 करोड़ लोग प्रधानमंत्री से शिकायत कर सकते हैं, सुझाव दे सकते हैं और समस्या का समाधान नहीं होने पर विरोध कर सकते हैं। इसी लिए आरएसएस प्रमुख ने मणिपुर के साथ ही देश के अन्य क्षेत्रों में भी शांति व्यवस्था कायम रखने की बात कही है।***


राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) पूरी तरह राष्ट्रवादी संगठन है। भारत की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता को अक्षुण्ण रखना आरएसएस का मूल उद्देश्य है। आरएसएस द्वारा हिन्दुत्व और भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार करके राष्ट्रवाद की भावना का विस्तार किया जाता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद चीन के हमला करने पर आरएसएस के स्वयं सेवकों ने सीमा पर सैनिकों को हरसंभव सहयोग प्रदान किया था। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने आरएसएस की मुक्तकंठ से सराहना की थी और गणतंत्र दिवस की परेड में आरएसएस के स्वयं सेवकों को शामिल किया था। आंतरिक सुरक्षा में भी आरएसएस हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने केन्द्र सरकार से मणिपुर में हिंसा पर नियंत्रण करने को कहा है। आरएसएस प्रमुख के इस सुझाव को लेकर विपक्ष और मीडिया के एक वर्ग ने सरकार की आलोचना कहकर प्रचारित किया है। आरएसएस और भाजपा के बीच मतभेद बताया जा रहा है। इस तरह की बयानबाजी सरासर राष्ट्रविरोधी सोच का परिचायक है। भारतीय जनता पार्टी, बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद आदि आरएसएस के अनुषांगिक संगठन हैं। सभी संगठनों के अलग-अलग कार्य हैं। भाजपा राजनीतिक दल है और आरएसएस इस पार्टी के संरक्षक की भूमिका निभाता है, परन्तु भाजपा संगठन और उसकी सरकार में हस्तक्षेप नहीं करता है। राष्ट्र पर बाहरी हमले, आंतरिक कानून व्यवस्था, दैवीय आपदा अथवा अन्य संकट के समय आरएसएस स्वयं सेवक सबसे पहले आगे आकर सरकार और देशवासियों की मदद करते हैं। लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 10 साल के कार्यकाल में सरकार के कार्यों का उल्लेख किया। आरएसएस ने सरकार की उपलब्धियों और नाकामियों पर कोई टिप्पणी नहीं की। अब तीसरी बार प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता संभालने पर मणिपुर में हिंसा रोकने की बात कहकर आरएसएस ने दिशा निर्देश दिया है, यह हर संरक्षक का कर्तव्य होता है। प्रधानमंत्री मोदी यदि रास्ता भटकेंगे तो आरएसएस प्रमुख भविष्य में भी सुझाव देंगे। प्रधानमंत्री मोदी आरएसएस के स्वयं सेवक थे। भाजपा कार्यकर्ता बने। चुनाव जीतकर सांसद बने। प्रधानमंत्री बनने पर आरएसएस प्रमुख और अन्य सभी देशवासियों तथा विपक्षी राजनीतिक दलों के भी प्रधानमंत्री हैं। अब मोदी सिर्फ स्वयं सेवक अथवा भाजपा कार्यकर्ता नहीं हैं। देश के 140 करोड़ लोग प्रधानमंत्री से शिकायत कर सकते हैं, सुझाव दे सकते हैं और समस्या का समाधान नहीं होने पर विरोध कर सकते हैं। इसी लिए आरएसएस प्रमुख ने मणिपुर के साथ ही देश के अन्य क्षेत्रों में भी शांति व्यवस्था कायम रखने की बात कही है।

# गोविंद बल्लभ पंत के योगदान का डिजिटलीकरण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**





पंडित गोविन्द बल्लभ जन्म शताब्दी समारोह के प्रदेश संयोजक ललित मोहन भट्ट ने बताया कि हमें जानकारी मिली है कि प्रसिद्ध इतिहासकार बी.आर. नंदा द्वारा संकलित 18 खंडों का एक संग्रह सलेक्टेड वर्क्स ऑफ भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत का डिजिटलीकरण जिसमें लगभग 9000 पेज हैं सफलतापूर्वक पूरा हो गया है।

भट्ट ने बताया कि डिजिटलीकरण कि यह प्रक्रिया भारतीय इतिहास में गोविंद बल्लभ पंत के अमूल्य योगदान को संरक्षित और प्रसारित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह डिजिटलीकरण परियोजना इतिहासकारों, राजनीतिक विज्ञान के प्रोफे सरों और छात्रों और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों के कई सालों के सहयोगात्मक प्रयासों का प्रमाण है। बताया कि सलेक्टेड वर्क्स ऑफ भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत के 18 संस्करणों का विमोचन पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा 12 दिसंबर 2002 को प्रधान मंत्री आवास, 7ए आरसीआरए नई दिल्ली में किया गया था।

भट्ट ने बताया कि गोविंद बल्लभ पंत एक प्रतिष्ठित स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता ने भारत की स्वतंत्रता संग्राम और इसके बाद के राजनीतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके विस्तृत कार्यों में भाषण, पत्र और लेख शामिल हैं जो उस समय के राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य में गहरे अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। यह डिजिटलीकरण पहल सुनिश्चित करती है कि ये ऐतिहासिक खजाने अब वैश्विक दर्शकों, विद्वानों तथा शोधकर्ताओं और इतिहास प्रेमियों के लिए सुलभ हैं।

बताया कि डिजीटलीकृत पुस्तकें डब्लूडब्लूडब्लू डाट पीएएन टीपीएटीएच डाट ओआरजे पर दुनिया भर के शोधकर्ताओं, छात्रों और इतिहास में रुचि रखने वालों निश्शुल्क उपलब्ध होंगी। यह भारत की समृद्ध ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने और इसे विश्व भर में सुलभ बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भट्ट ने बताया कि डब्लूडब्लूडब्लू डाट पीएएनटीपीएटीएच डाट ओआरजे वेबसाइट छात्रों, शोधकर्ताओं और भारत के इतिहास व विरासत में रुचि रखने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए एक अमूल्य संसाधन है।

यह न केवल ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करता है बल्कि इसे वैश्विक दर्शकों के लिए सुलभ भी बनाता हैए जिससे भारत के इतिहास के महत्वपूर्ण यात्रा की व्यापक जानकारी मिलेगी ।

## पर्यटकों को पार्किंग संचालक व लोगों से अभद्रता करना महंगा

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में दिल्ली के पर्यटकों को पार्किंग संचालक व स्थानीय लोगों से अभद्रता करना महंगा पड़ गया। पुलिस ने पर्यटकों के खिलाफ चलानी कार्रवाई कर छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार सोमवार देर शाम शहर में जाम लगने पर पुलिस ने नारायण नगर पार्किंग स्थल पर बिना होटल बुकिंग पर्यटकों के वाहन रोककर शटल से नैनीताल भेजा। इस दौरान दिल्ली के एक पर्यटक को होटल की बुकिंग न होने पर पुलिस ने रोका और पार्किंग में वाहन पार्क कर शटल से नैनीताल जाने की सलाह दी। पार्किंग स्थल पर जब पर्यटक से पार्किंग शुल्क मांगा गया तो पर्यटक ने हंगामा काट दिया। पुलिस की ओर से समझाने पर भी वह नहीं माने। इस दौरान नौबत हाथापाई तक पहुंची तो पुलिस ने सख्ती दिखाकर पर्यटकों के खिलाफ कार्रवाई कर दी। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि लोगों से अभद्रता करने पर ज्योतिनगर दिल्ली निवासी बलराम बागला, दीपांशी व योगेश के खिलाफ करवाई की गई है।

## कार्मिकों को विकल्प के रूप में प्रमाण पत्र के अनुसार प्रमोशन दिए जाने के निर्णय का स्वागत

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने शासन द्वारा अधूरी एसीआर की वजह से प्रमोशन से वंचित हो रहे कार्मिकों को विकल्प के रूप में प्रमाण पत्र के अनुसार प्रमोशन दिए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए बैठक में शासन से मांग की विलंब कर रहे संबंधित अधिकारियों की तब तक एसीआर निर्गत ना की जाए जब तक कि वे इस आशा का प्रमाण पत्र ना दें कि विभाग में अब कोई भी कार्मिक की एसीआर अवशेष नहीं है।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली ने कहा कि अधिकारियों द्वारा निर्धारित समयात्तर्गत कर्मचारियों के एसीआर लिखने में विलंब होने अथवा करने के कारण कर्मचारियों के एसीपी एवं पदोन्नति आदि से मिलने वाले लाभों में अनावश्यक विलंब होने से कार्मिकों का मनोबल भी गिरता है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के स्थानांतरण हो जाने के कारण अन्य जनपदों में तैनाती होने से कार्मिकों के एसीआर पूर्ण नहीं हो पाती जिससे कर्मचारियों को निर्धारित लाभों से वंचित होना पड़ता है तथा अधिकारी द्वारा कर्मचारी की एसीआर लिखने में हीलाहवाली की जाती है। बैठक में शासन से मांग की संबंधित अधिकारियों द्वारा जब तक इस आशय का प्रमाण पत्र निर्गत ना किया जाए कि उनके अधीन समस्त कार्मिकों की आकर पूर्ण कर ली गई है तथा विभाग में कोई भी कार्मिक की एक सीआर अवशेष नहीं है तब तक संबंधित अधिकारी की एसीआर ना लिखी जाए। संबंधित प्रमाण पत्र निर्गत होने के पश्चात ही अधिकारी की एसीआर निर्गत की जाए इससे अधिकारियों की अनावश्यक तानाशाही भी समाप्त होगी तथा कर्मचारियों को एसीपी अथवा प्रमोशन में लाभ से वंचित नहीं होना पड़ेगा। बैठक में परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष गिरजेश कांडपाल ने कहा कि शासन द्वारा लिया गया निर्णय निस्संदेह स्वागत योग्य है परंतु जिन अधिकारियों द्वारा अनावश्यक रूप से कर्मचारियों के मनोबल को तोडने के लिए एसीआर नहीं लिखी जा रही है उनके खिलाफ भी शासन द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए उन्होंने कहा कि यदि कोई अधिकारी कर्मचारियों का अहित करेगा तो परिषद द्वारा इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। बैठक में राज्य कर्मचारी संघ संरक्षक बहादुर सिंह बिष्ट ने कहा कि जनपद स्तर पर सभी विभागों की इस संबंध में समीक्षा की आवश्यक रुप से की जानी चाहिए। बैठक में परिषद के पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष पीके शर्मा, इसरार बेग, विनोद भट्ट, गणेश सिंह बिष्ट, डा. मोहित सनवाल, दीपक बिष्ट, आनंद सिंह जलाल, सत्य प्रकाश द्विवेदी, भूपाल सिंह बिष्ट,तनवीर असगर, दिनेश चंद्र जोशी, आनंद पांडे, प्रताप सिंह मनरालए तथा हरेंद्र सिंह नेगी सहित कई कर्मचारी प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

# फिल्मी दुनिया

## शर्मिला ने की बहू करीना की फिल्म क्रू की तारीफ




*शर्मिला टैगोर से जब पूछा गया कि उन्हें करीना कपूर की फिल्म क्रू कैसी लगी। इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, सच कहूं तो मुझे पहले विश्वास ही नहीं हुआ कि यह फिल्म इतनी शानदार होगी। इस फिल्म की कहानी मुझे सबसे ज्यादा पसंद आई। तीन महिलाएं एक-दूसरे की मदद कर रही हैं। बॉलीवुड की दिग्गज अदाकारा शर्मिला टैगोर अभिनेता सैफ अली खान की मां और करीना कपूर की सासु मां हैं। शर्मिला अपनी बहू करीना कपूर पर अक्सर प्यार लुटाती नजर आती हैं। दोनों सास-बहू में शानदार बॉन्ड देखने को मिलता है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान शर्मिला टैगोर बहुरानी की फिल्म क्रू की तारीफ करती नजर आईं। शर्मिला टैगोर से जब पूछा गया कि उन्हें करीना कपूर की फिल्म क्रू कैसी लगी। इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, %सच कहूं तो मुझे पहले विश्वास ही नहीं हुआ कि यह फिल्म इतनी शानदार होगी। इस फिल्म की कहानी मुझे सबसे ज्यादा पसंद आई। तीन महिलाएं एक-दूसरे की मदद कर रही हैं। एक प्लेन उड़ा रही है तो दूसरी लैंड करवाने में मदद कर रही है। इस फिल्म ने उस कहानी को झूठा साबित किया जिसमें कहते हैं कि औरत ही औरत की दुश्मन होती हैं।*

### औरत ही औरत की दुश्मन नहीं होतीं

*शर्मिला टैगोर अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, फिल्म में तीन औरतें जिस तरह से एक साथ काम करती हैं वह आइडिया मुझे काफी पसंद आया। इस फिल्म को देखकर लगा कि अब ऐसी और भी फिल्में बननी चाहिए। क्रू की बॉक्स ऑफिस सफलता को देखकर अब और भी निर्माता-निर्देशक महिलाओं को केंद्र में रखकर ऐसी फिल्मों का निर्माण करेंगे तो बॉलीवुड में बदलाव देखने को मिलेगा। क्रू फिल्म में करीना कपूर के अलावा तब्बू और कृति सेनन नजर आई थीं। सूत्रों की मानें तो इस फिल्म ने सौ करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था।*

## मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने की मुद्दों पर चर्चा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के अध्यक्ष पुनीत टंडन द्वारा मंगलवार को नगर पालिका परिषद के प्रशासक के. एन. गोस्वामी (पीसीएस) से मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान टंडन ने मुख्यत: मल्लीताल रिक्शा स्टैंड से पुराना घोड़ा स्टैंड तक बीते फरवरी माह में डीएम वदंना सिंह द्वारा आदेश के द्वारा लगाये जाने वाले बिजली खंभे और स्वचालित सोलर पैनल तथा अन्य मॉल रोड इत्यादि में लाइट व्यवस्था सुचारू करे जाने, साथ ही व्यापार मंडल द्वारा खड़ी बाजार में सुरक्षा हेतु कैमरा लगाये जाने की अनुमति और साफ सफ़ाई तथ जगह- जगह कबाड़ के बोरो के बड़े बड़े चट्टा और कई अन्य मुद्दों पर बात हुई। टंडन के मुताबिक फड़ के संबंध में भी कोर्ट द्वारा तय समय सीमा की उलंघना करने के साथ अव्यवस्थित तरीके और अनगिनत फड़ो का लगना तथा इस संबंध में जब कमेटी के द्वारा मार्च माह में तय और पारित किए गए आदेशों के तहत कार्यवाही करवाये जाने की बात भी प्रशासक से हुई। उनके द्वारा इस संबंध में लगातार कार्यवाही के साथ सभी तय बातों पर बाध्य है कहा।



# News कॉर्नर

## जागेश्वर धाम आए श्रद्धालु की मौत

**अल्मोड़ा।** जागेश्वर धाम दर्शन के लिए पहुंचे मेरठ के एक श्रद्धालु का स्वास्थ्य बिगड़ गया। टीआरसी कर्मियों और अन्य श्रद्धालुओं ने उन्हें उपचार के लिए जिला मुख्यालय भेजा, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले की उनकी मौत हो गई। जागेश्वर धाम दर्शन के लिए पहुंचे मेरठ के एक श्रद्धालु का स्वास्थ्य बिगड़ गया। टीआरसी कर्मियों और अन्य श्रद्धालुओं ने उन्हें उपचार के लिए, जिला मुख्यालय भेजा, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले की उनकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मेरठ के 132 विजयनगर निवासी 72 वर्षीय सुशील कुमार अपनी पत्नी के साथ बीते 24 जून को जागेश्वर धाम पहुंचे। दोनों अपने चालक के साथ टीआरसी में रुके थे। बीते मंगलवार को उनका स्वास्थ्य अचानक बिगड़ गया। धाम में कोई स्वास्थ्य सुविधा ना होने से टीआरसी कर्मियों और अन्य श्रद्धालुओं ने उन्हें उनकी कार से जिला मुख्यालय भेजा, लेकिन बीच रास्ते में उनकी मौत हो गई।

## पिकअप के नीचे दबकर मां और उसके पांच साल के बेटे की मौत

**अल्मोड़ा।** लमगड़ा में पिकअप के नीचे दबकर एक महिला और उसके पांच साल के बेटे की मौत हो गई। इस घटना से परिजनों में कोहराम है। अल्मोड़ा के लमगड़ा में पिकअप के नीचे दबकर एक महिला और उसके पांच साल के बेटे की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बीते मंगलवार देर शाम दन्या के बलसूना निवासी गीता पत्नी आन सिंह अपने पांच साल के बेटे को लेकर अपनी बड़ी बहन दुर्गानगर निवासी कविता के साथ अपने मायके गौलीमहर जा रही थी। पिकअप के नीचे दबकर मां और उसके पांच साल के बेटे की मौत, मायके जा रही थी महिला; परिवार में कोहराम है।

# इमरजेंसी के 50 वर्ष पूर्ण होने पर लोकतंत्र सेनानियों को किया सम्मानित

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

भारतीय लोकतंत्र मे 25 जून को देश काला दिवस के रूप मे जाना जाता है। जहाँ तानाशाही फरमान जारी करते हुए उस समय कि तात्कालिक प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी ने सत्ता की दुरुपयोग इमरजेंसी की घोषणा कर दी।

इमरजेंसी को काला दिवस के रूप मे भाजपा मना रही है। जिला भाजपा कार्यालय पर लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप मुख्यातिथि प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट ने किया। मुख्यातिथि प्रदेश महामंत्री राजेंद्र बिष्ट ने कहा कि लोकतंत्र का यह काला दिवस 25 जून जिसको आज 50 वर्ष पूर्ण हो गये, जिसको पांच दशक पूर्ण हो गए आज भी हम आपातकाल एक ऐसी भयावय स्थिति थी जिसमे प्रधानमंत्री इंदिरा



गाँधी ने खुले आम लोकतंत्र कि धज्जिया उड़ाई गयी सविधान का अपमान किया। उन्होंने कहा कि जनता ने तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश की सेवा के लिए चुना है तो राहुल गांधी की उनकी कांग्रेस पार्टी को यह पच नहीं रहा। निश्चित रूप से आज हम लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित कर गर्व की अनुभूति करें। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि 25 जून को आपातकाल के 50 वर्ष पूरे हो गए हैं और इस 50 वर्ष के अवसर पर हम अपने लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित करने का यह कार्यक्रम रखा। सेनानियों के त्याग से ही आज लोकतंत्र जीवित है। देश के इतिहास का यह काला अध्याय जो उस समय की कांग्रेस सरकार की देन थी और आज यहीं कारण है कि सत्ता का लालच रखने वाली कांग्रेस को जनता ने एक बार फिर आईना दिखाने का काम किया है। सम्मानित होने वालों में अशोक जायसवाल, स्नेहपाल , नरेश रस्तोगी, ओम प्रकाश,सुरेश,तिलक राज घई,वेद तुकराल सहित 35 लोकतंत्र सेनानियों व जिसमे दिवंगत हो गये सेनानियों के परिवार जनो को सम्मानित किया गया। इस दौरान दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला,विवेक सक्सेना, रामपाल, केके दास,वेद तुकराल,बिट्टू चौहान, राकेश सिंह, तरुण दत्ता, अनिल चौहान, मयंक कक्कड़,अक्षय अरोरा, मनोज मदान, मानस जायसवाल, राजेश जग्गा, ममता त्रिपाठी, रश्मि रस्तोगी, रामप्रकाश गुप्ता, नेत्रपाल मौर्य आदि मौजूद रहे।

# सिडकुल के कंपनी स्वामी के खिलाफ एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उपजिलाधिकारी, हल्द्वानी के माध्यम से जिलाधिकारी, ऊधमसिंह नगर को ज्ञापन भेजा है। गौरतलब है कि 19 जून को इंक़लाबी मजदूर केंद्र के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश भट्ट, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश सक्सेना, डॉल्फिन कम्पनी के मजदूर नेता ललित कुमार, सोनू कुमार, बब्लू सिंह, वीरू सिंह पर गुंडा एक्ट लगाने और जिला बदर करने की चेतावनी दी गई है। पंतनगर सिडकुल में स्थित डॉल्फिन कम्पनी के मजदूर न्यूनतम वेतन देने और अवैध छटनी पर रोक की मांग को लेकर आन्दोलनरत हैं। इस आंदोलन के दौरान कम्पनी मालिक लगातार मजदूरों को



धमकाने, गुंडों से पिटवाने के गैरकानूनी कृत्य करता रहा। मजदूर नेता ललित कुमार पर गुंडों द्वारा हमला कर घायल करने की शिकायत/एफआईआर दर्ज करने की मजदूर मांग कर रहे थे। प्रशासन ने मजदूरों की शिकायत दर्ज करने और कार्यवाही के बजाय मजदूरों और उनके सलाहकारों पर ही कार्यवाही की। यह शोषण के विरुद्ध बोलने के मौलिक अधिकार का हनन है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरकार-प्रशासन मजदूर दमन की कार्यवाही अघोषित आपातकाल की तरह है। ज्ञापन देने वालों में परिवर्तनकामी छात्र संगठन के महेश, रुपाली, चन्दन, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के रियासत, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की रजनी शामिल थे।

# विदेश भेजने के नाम पर युवक से कई लाख की ठगी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जनपद के गली मोहल्लों में खुले कबूतरबाजों ने एक और गरीब को अपना शिकार बना लिया है। युवक से इंग्लैंड भेजने के नाम पर कई लाख रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल से शिकायत के बाद अभी तक कबूतरबाज के खिलाफ कोई एक्शन नहीं हुआ है। अब पीड़ित ने एसएसपी के दरबार में में पहुंच न्याय की गुहार लगाई। थाना दिनेशपुर निवासी पुन्नू मंडल मंगलवार को पुलिस कार्यालय पहुंचा। पीड़ित ने एसएसपी को शिकायती पत्र दिया। पीड़ित ने बताया कि उसके पड़ोसी ने तीन जनवरी 2023 को आवास विकास रुद्रपुर में खुले एक सेंटर में कार्यरत एक व्यक्ति से मिलवाया था,उसे बताया गया कि वह युवकों को विदेश में भेजकर अच्छी नौकरी दिलवा देंगे। इस पर पुन्नू मंडल ने अपने पुत्र रोहित मंडल को विदेश भेजने की बात कही। पुन्नू मंडल के मुताबिक सेंटर के संचालकों ने कहा कि 11 लाख रुपए खर्च होंगे। बताया कि उसने अपनी जमीन गिरवी रखकर अलग-अलग किस्तों में करीब पांच लाख रुपए सेंटर संचालकों को दिए। पीड़ित का आरोप है कि एक साल बीतने के बाद भी उसके पुत्र को विदेश नहीं भेजा गया। उसने जब पैसे मांगे तो पहले टाल मटोल करते रहे, फिर उसके साथ गाली-गलौच की और धमकी दी। इस मामले में पीड़ित ने 18 जून को एसपी सिटी को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित के मुताबिक सेंटर संचालक अन्य कई युवाओं से ठगी भी कर चुके हैं। इधर एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने पीड़ित से सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा है। एसएसपी ने पीड़ित को भरोसा दिया कि साक्ष्य होने पर कबूतरबाजो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# रिजिनल मैनेजर पर हजारों की धोखाधड़ी व प्रतिष्ठा खराब करने का लगाया आरोप

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के माल रोड क्षेत्र स्थित प्रतिष्ठित होटल स्वामी ने पूर्व में होटल में तैनात रिजिनल मैनेजर पर हजारों की धोखाधड़ी कर उनको वित्तीय और होटल की प्रतिष्ठा खराब करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने स्वामी की तहरीर पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। माल रोड क्षेत्र निवासी महिला गीता पांडे ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि बीते दो वर्षों से उनके होटल में दो पश्चिमी विहार दिल्ली निवासी एक व्यक्ति रीजनल जनरल मैनेजर के पद पर कार्य करता था। बीते जनवरी फरवरी माह में मैनेजर ने एक पर्यटक का कमरा बुक करवाया। जिसके एवज में मैनेजर ने 42 हजार की रकम होटल खाते में मंगाने के बजाए अपने खाते में मंगा लिए। कुछ समय बाद पर्यटक ने जब होटल के नंबर पर इसको लेकर पूछताछ की तो अन्य कर्मियों से इसकी पुष्टि हुई। इसके अलावा कई अन्य पर्यटकों से भी धोखाधड़ी से मैनेजर अपने खाते में रकम डलवा कर घर जाने की बात कहकर फरार हो गया। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पश्चिम विहार दिल्ली निवासी समीर मारवाह के विरुद्ध आईपीसी की धारा 408 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## वार्ड नंबर एक में सफाई कराने की अपील

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राहुल नेगी ने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पूजा चंद्र को ज्ञापन सौंपा है। मंगलवार को ज्ञापन सौंपते हुए राहुल नेगी ने कहा कि वार्ड नंबर एक में बीते दिनों सफाई की गई थी। सफाई के बाद कूड़े को एक जगह पर एकत्रित किया गया था। जिसके बाद से कर्मचारियों ने क्षेत्र में सफाई करना छोड़ दिया है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी पूजा चंद्र से कर्मचारियों को क्षेत्र में भेजकर सफाई कराने की अपील की है।

# विजिलेंस देहरादून ने जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर को रिश्वत लेते पकड़ा

देहरादून

हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**

● आय से अधिक अर्जित करने की भी की जा रही जांच

विजिलेंस टीम ने रेस्टोरेंट के बिलों में जीएसटी नियमों के तहत कमियां बताकर 75 हजार रुपए की रिश्वत मांगने वाले असिस्टेंट कमिश्नर को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफ विजिलेंस टीम कार्रवाई कर रही। एसएसपी सतर्कता अधिष्ठान, मुख्यालय धीरेन्द्र सिंह गुंज्याल के मुताबिक जीएसटी कार्यालय लक्ष्मी रोड, डालनवाला के असिस्टेंट कमिश्नर, शशिकान्त दूबे की गिरफ्तारी बाद भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित अधिनियम-2018) के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया। उन्होंने बताया कि 25 जून 24 को सतर्कता अधिष्ठान सैक्टर देहरादून की ट्रैप टीम द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायत पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जीएसटी कार्यालय लक्ष्मी रोड, डालनवाला के जीएसटी असिस्टेंट कमिश्नर, शशिकान्त दूबे को शिकायतकर्ता से रेस्टोरेन्ट के बिलों में जीएसटी के नियमों के क्रम में कमियाँ बताकर भारी जुर्माने का दबाव बनाकर रिश्वत की मांग की गयी।

टीम में एडिसन एसपी विजिलेंस रेनू लोहनी ने टीम के साथ असिस्टेंट कमिश्नर को शिकायतकर्ता से 75 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथो गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद सतर्कता अधिष्ठान देहरादून टीम ने आरोपी के देहरादून आवास की तलाशी ली गई। इसके अलावा अन्य स्थानों पर चल अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध में पूछताछ जारी है। उन्होंने बताया कि ट्रैप टीम को नगद पुरुस्कार से पुरुस्कृत करने की घोषणा की गयी है।

# कोतवाली पुलिस की फरार गैंगस्टर के घर में दबिश, दोनों गैंगस्टर, जेल भेजा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली पुलिस ने दो वर्ष फरार गैंगस्टरों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों को जेल भेज दिया। जनपद में वारंटी और बांछितों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस ने दो गैंगस्टरों को गिरफ्तार किया है।

एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि कोतवाल धीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने बताया कि धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के आरिफ पुत्र नबी अहमद, रहीस अहमद पुत्र फकीर मोहम्मद निवासी हजरतपुर थाना बिलासपुर जिला रामपुर को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों को कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया। उन्होंने बताया कि दोनों के खिलाफ वर्ष 2022 में गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। तभी दोनों फरार चल रहे थे। टीम में एसआई विकास कुमार, कांस्टेबल गणेश धानिक आदि शामिल रहे।

# सीएम हैल्पलाईन से मिलने वाली शिकायतों को अधिकारी गम्भीरत से लें: डीएम

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

देर सांय डीएम उदयराज सिंह ने सीएम हैल्पलाईन से मिलने वाली शिकायतों को अधिकारी गम्भीरत से लेते हुए समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने सीएम हैल्पलाईन पोर्टल की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हैल्पलाईन पोर्टल को अधिकारी नियमित रूप से देखें व प्राप्त शिकायतों को समय से निस्तारित करें। ताकि वह एल-2 पर न जायें। शिकायत के निस्तारण के उपरान्त अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता भी करें। डीएम ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बिल्कुल बर्दाशत नही की जायेगी। प्रभारी




अधिकारी कलेक्ट्रेट डॉ अमृता शर्मा ने बताया कि पुलिस विभाग 631, विद्युत विभाग 309, पेयजल निगम 161, नगर पालिका 154, बन्दोबस्त चकबन्दी विभाग 128, राजस्व विभाग 127, भू-अभिलेख 109, जल संस्थान 142, कर्मचारी राज्य बीमा औषद्यालय 55, पंचायती राज 93, पर्यावरण बोर्ड 87, नगर निगम 102, श्रम विभाग 177, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति 58, सिचाई विभाग 58, कुल 2391 शिकायतें लम्बित है। जिस पर डीएम ने पेयजल, नगर निगम, पुलिस, विद्युत, राजस्व, पर्यावरण, श्रम विभाग, कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय, पंचायती राज खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सिंचाई आदि विभागीय अधिकारियों को लम्बित शिकायतों को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये। डीएम ने नगर निकाय को निर्देश दिये कि जन समस्याओं के दृष्टिगत दूरभाष नम्बर जारी करें जिससे लोग अपनी समस्या सरलता से रख सकें।

उन्होंने जल संस्थान को निर्देशित किया कि पेयजल की क्षतिग्रस्त लाईनों को तत्काल प्रभाव से ठीक करायें। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, पीडी अजय कुमार, डीडीओ एसएम डोबाल, एसपी सिटी मनोज कत्याल, एसडीएम मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डे, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत एससी त्रिपाठी आदि संबंधित अधिकारी मौजूद जुड़े है।